राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं
अनुसंधान संस्थान, भोपाल

# सम्पर्क सरिता

वर्ष–16, अंक–02 मई 2015 से अगस्त 2015



## सौहार्द और सद्भाव की भाषा है हिन्दी– श्री रामनिवास शुक्ल

''संसदीय प्रश्नावली कैसे भरें तथा संसदीय समिति के समक्ष प्रस्तुति'' विषय पर दिनांक 13–14 अगस्त 2015 को दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। संस्थान के प्रशासकीय अधिकारी व कार्यशाला के समन्वयक श्री डी.के. तिवारी ने श्री रामनिवास शुक्ल, सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली का परिचय कराते हुए कार्यशाला की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। संस्थान के निदेशक प्रो. डी.एस.करौलिया ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि संसदीय समिति द्वारा संस्थान का निरीक्षण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया होती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस दो दिवसीय कार्यशाला में निरीक्षण प्रश्नावली के सैद्वांतिक व व्यावहारिक पक्ष पर गहन चिंतन होगा। उन्होंने संस्थान में हिंदी के प्रयोग एवं विकास पर संस्थान की वचनबद्वता एवं प्रतिबद्वता के बारे में बताया। श्री रामनिवास शुक्ल ने इस अवसर पर कहा कि जीवन का समूचा परिवेश भाषा में समाया होता है। भाषा जोड़ने का कार्य करती है। भाषा ज्ञान का प्रकाश है। हिंदी हमारे संस्कारों और स्वाभिमान की भाषा है। भाषा में जोड़ने एवं तोड़ने दोनो की शक्ति होती है। उन्होंने केंद्र सरकार के कार्यालयों में संसदीय राजभाषा समिति के द्वारा निरीक्षण के समय उपयोगी निरीक्षण प्रश्नावली से संबंधित सभी जिज्ञासाओं को शांत किया। श्री शुक्ल ने कहा कि हिंदी सौहार्द और सद्भावना की भाषा है। उन्होंने कहा कि शब्द सर्वव्यापी है। शब्द सृजन व संहार कर सकता है। भाषा में दैवीय शक्ति है। हमें भाषा से जुड़ने की कोशिश करना चाहिए। यह महत्वपूर्ण नहीं कि हमें विरासत में क्या मिला है। महत्वपूर्ण यह है कि आप विरासत में क्या छोड़कर जा रहे हैं। उन्होंने राजभाषा अधिनियम 1963, राजभाषा के संबंध में समिति, अनुदेश, सामान्य सूचना, राजभाषा अधिनियम/नियम के अनुपालन की स्थिति, कर्मचारी प्रशिक्षण के लिये उपलब्ध सुविधाएं, विधि संबंधी सूचना, शब्दकोश/शब्दावली, सेवा – अभिलेखों/ सेवा–पुस्तिकाओं में प्रविष्टियां, राजभाषा कार्यान्वयन समिति के दायित्व, हिंदी में टिप्पणी और आलेखन को प्रोत्साहित करने के उपाय, हिंदी दिवस/हिंदी सप्ताह/हिंदी पखवाड़े का आयोजन आदि से संबंधित प्रश्नावली के प्रारूप को सुगमता से भरने हेतु महत्वपूर्ण जानकारियॉ दी। कार्यशाला में लगभग 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें संस्थान के 10 प्रतिभागी तथा शेष नराकास सदस्य कार्यालयों के प्रतिभागीगण सम्मिलित थे। पहली बार नराकास सदस्य कार्यालयों से इतनी ज्यादा प्रतिभागिता दर्ज हुई है। सभी प्रतिभागियों द्वारा कार्यक्रम की प्रशंसा की गई।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते प्रो. डी.एस. करौलिया



कार्यक्रम को सम्बोधित करते श्री रामनिवास शुक्ल

## मैनेजमेंट ऑफ सी.डी.टी.पी. स्कीम

संस्थान में दिनांक 3 से 7 अगस्त 2015 तक ''मैनेजमेंट ऑफ सी.डी.टी.पी. स्कीम'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मध्यप्रदेश में सी.डी.टी.पी. परियोजना का संचालन कर रहें पॉलिटेक्निक कालेजों के 26 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को परियोजना के विभिन्न आयामों से अवगत कराना तथा नवीन ऑपरेशनल प्लान तैयार करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के निदेशक डॉ. डी. एस. करौलिया ने किया। दिनाँक 4 अगस्त 2015 को श्री संजय सिंह, वरिष्ठ आई.ए.एस अधिकारी, सचिव, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन ने कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित किया तथा सीडीटीपी परियोजना के अंतर्गत आने वाली कठिनाईयों तथा संचालनालय, तकनीकी शिक्षा के साथ समन्वय आदि मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। दिनाँक 7 अगस्त 2015 को कार्यक्रम के समापन समारोह में श्री आशीष डोंगरे, संचालक, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, म.प्र. ने प्रतिभागियों को संबोधित किया तथा उन्होंने सीडीटीपी योजना के क्रियान्वयन में संचालनालय स्तर पर आ रही कठिनाईयों को दूर करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. डी. एस. करौलिया, डॉ. अजय कुमार जैन एवं डॉ. अनिल कुमार भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अजय कुमार जैन, प्रभारी प्राध्यापक सी.डी.टी.पी. परियोजना थे एवं डॉ. अनिल कुमार, विभागाध्यक्ष, व्यावसायिक शिक्षा एवं उद्यमिता विकास विभाग ने संकाय सदस्य के रुप में योगदान दिया।



कार्यक्रम को संबोधित करते श्री संजय सिंह, सचिव, तकनीकी शिक्षा, म.प्र.



प्रतिभागियों के साथ प्रो. आशीष डोंगरे, संचालक, तकनीकी शिक्षा, म.प्र.

## एक्रोपालिस संस्थान में इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

संस्थान द्वारा एक्रोपालिस समूह की संस्थाओं के लिए दिनांक 22 जून से 3 जुलाई एवं 6 से 17 जुलाई 2015 के दौरान दो इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिनमें 60 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रमों की डिजाईन परिणाम मूलक शिक्षा (आउट कम बेस्ड एजूकेशन), एन.बी.ए. एक्रीडिटेशन एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे विकास की वर्तमान एवं भविष्य की मांग को देखते हुए की गयी थी। प्रथम कार्यक्रम का समन्वयन प्रो. बी.एल.गुप्ता ने किया एवं प्रो. अंजू रावले, प्रो. अनिल कुमार, प्रो. प्रभाकर सिंह, प्रो. एस.एस.केदार एवं प्रो. अभिलाष ठाकुर ने संकाय सदस्य के रूप में योगदान दिया। द्वितीय कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. के.जेम्स मथाई रहे एवं प्रो. जोशुआ अर्नेस्ट, प्रो. रवि कपूर, प्रो. संजय अग्रवाल, प्रो. अस्मिता खजांची, प्रो. एम.सी. पालीवाल ने संकाय सदस्य के रूप में योगदान दिया। दोनों ही कार्यक्रमों को एक्रोपालिस समूह की संस्थाओं एवं प्रतिभागियों ने अत्यधिक उपयोगी बताया।



## महाराष्ट्र राज्य के लिये इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

मई–जून 2015 के मध्य एमएसबीटीई इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम फेस–1 एवं 2 का आयोजन महाराष्ट्र राज्य के विभिन्न पॉलिटेक्निक में किया गया। साथ ही एक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम में 470 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा भाग लिया गया एवं कार्यशाला में 36 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित हुए।

## योजना बनाना एवं प्रबंधन करना

प्रबंधन विभाग द्वारा दिनांक 31/08/2015 से 04/09/2015 तक शिक्षा महाविद्यालय, खंडवा द्वारा प्रायोजित प्राध्यापकों के लिए ''योजना बनाना एवं प्रबंधन करना'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रो. पराग दुबे, प्रो. बी.एल.गुप्ता, प्रो. रोली प्रधान, प्रो. अशीष देशपांडे, प्रो. व्ही.एच.राधाकृष्णन ने योगदान दिया।

## एनबीए एक्रीडिटेशन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



संस्थान के प्राध्यापकों एवं इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के शिक्षकों के लिए दिनांक 24 अगस्त 2015 से 28 अगस्त 2015 की अवधि में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एनबीए एक्रीडिटेशन के जनवरी 2013 के टीयर वन के प्रावधानों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से विजन, मिशन, प्रोग्राम एजूकेशनल आब्जेक्टिव, प्रोग्राम आउटकम, कोर्स आउटकम, कोर्स प्लान, आउटकम बेस्ड असेसमेंट, डाक्यूमेंटेशन एवं एनबीए टीम द्वारा मूल्यांकन प्रक्रिया पर उदाहरणों एवं अनुभवों के आधार पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम का समन्वयन प्रो. बी.एल. गुप्ता ने किया एवं सहयोग प्रो. आर.के.दीक्षित, प्रो. व्ही.एच. राधाकृष्णन द्वारा दिया गया।

## नगरीय निकाय के यंत्रियों का शैक्षणिक भ्रमण

संस्थान द्वारा नगरीय निकाय के नवनियुक्त यंत्रियों के लिये महाराष्ट्र एवं गुजरात राज्य के विभिन्न शहरों के महानगर पालिका नासिक, पुणे, कल्याण, सूरत, बड़ोदरा, एवं अहमदाबाद में दिनाँक 11 से 24 जुलाई 2015 तक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों को नगरीय निकाय के जल प्रदाय की प्रक्रिया, मलजल उपचार संयंत्र, निर्माणाधीन सड़क व पुल, आवास परियोजना, कचरा प्रबंध एवं बी.आर.टी.एस. द्वारा संचालित करने की प्रक्रिया को विशेष रूप से अहमदाबाद में देखा, साथ ही रोड साइड रिवर का भी अवलोकन किया, ताकि इन सभी प्रक्रियाओं को भली भांती समझ कर अपने राज्य म.प्र. का स्वच्छ निर्माण कर सके। नवनियुक्त यंत्रियों को कार्य के लिए प्रेरित एवं यात्रा को सुगम बनाने के लिए प्रो. आर.के. दीक्षित, अधिष्ठाता (प्रशासन) को सभी इंजीनियरों ने धन्यवाद प्रेषित किया। पुणे के पिंपरी–चिंचवड़ मनपा में एनआईटीटीटीआर की ओर से टीम के समन्वयक श्री संजय मिश्रा, शोध सहायक का स्वागत सहायक आयुक्त डॉ. महेश डोईफोड़े के द्वारा पुष्पगुच्छ से किया गया। दूसरी टीम के समन्वयक श्री श्रीनिवासन थे।



शैक्षणिक भ्रमण पर प्रतिभागी



शैक्षणिक भ्रमण पर प्रतिभागी

## सर्वाइकल केंसर एवं उसकी रोकधाम पर विशेष व्याख्यान

संस्थान में दिनांक 11 अगस्त 2015 को अपरान्ह 04.00 बजे ''सर्वाइकल केंसर एवं उसकी रोकधाम'' विषय पर विशेष व्याख्यान डॉ. सोमा मुखर्जी, एम्स, भोपाल द्वारा संस्थान के राजीव गांधी सभागार में दिया गया। इस व्याख्यान के दौरान संस्थान के समस्त संकायगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे। डॉ. मुखर्जी ने सर्वाइकल केंसर एवं उसकी रोकधाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जो कि सभागार में उपस्थित सभी के लिए उपयोगी एवं लाभप्रद रही। इस व्याख्यान के समन्वयक डॉ. सुब्रत रॉय थे।



## रक्तदान शिविर का आयोजन



संस्थान में दिनाँक 09 जुलाई, 2015 को ''रक्तदान शिविर'' का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 35 व्यक्तियों द्वारा 35 यूनिट रक्तदान किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. अनिल प्रकाश द्वारा किया गया। डॉ. आर.के. दीक्षित ने इस अवसर पर कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है जो कि किसी व्यक्ति को जीवनदान दे सकता है। डॉ. एन. बैनर्जी ने रक्तदान से जुड़ी हुई भ्रांतियों पर प्रकाश डाला एवं रक्तदान को अच्छे स्वास्थ्य के लिये उपयोगी बताया।

## एल.एन.मेडिकल कॉलेज एवं जे.के.हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित

दिनांक 20 अगस्त 2015 को एल.एन.मेडिकल कॉलेज एवं जे.के.हॉस्पिटल, भोपाल के चिकित्सकों द्वारा संस्थान में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, जिसमें डॉ. सुब्रोतो मंडल ने हृदय से संबंधित विभिन्न बीमारियों के कारण, उनके बचाव व उनके उपचार से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत व्याख्यान दिया। संस्थान के सभी सदस्यों ने इस शिविर का लाभ लिया एवं स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। इस स्वास्थ्य शिविर के संयोजक संस्थान के प्रशासकीय अधिकारी श्री डी.के.तिवारी थे।



शिविर को संबोधित करते चिकित्सक



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

संस्थान में दिनांक 21 जून 2015 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के सदस्यों द्वारा योगाभ्यास किया गया।

## संकाय सदस्यों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत

अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. पी.के.पुरोहित ने इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स द्वारा इंपीरियल कॉलेज, लंदन (इंग्लैंड) में दिनांक 09 से 10 जुलाई 2015 तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी ''फिजिक्स ऑफ इमरजेंट विहेवियर'' में भाग लिया एवं अपना शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

विभाग के सह प्राध्यापक डॉ. दीपक सिंह ने बेब्स् बोलियाई यूनिवर्सिटी ऑफ रोमानिया द्वारा क्लूज नेपोका रोमानिया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आईसीएनओडीईए–2015 में दिनांक 14 से 17 जुलाई 2015 तथा दिनांक 20 से 24 जुलाई 2015 तक गैलेसराय यूनिवर्सिटी द्वारा ईस्तानबुल, तुर्की में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आईसीएफपीटीए–2015 मे भाग लिया एवं अपना शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. हुसैन जीवाखान ने कोरिया एटॉमिक एनर्जी रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा डेजॉन, साउथ कोरिया में आयोजित 37वीं फ्री–इलेक्ट्रॉन लेजर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी एफईएल–2015 में दिनांक 23 से 28 अगस्त 2015 में भाग लिया एवं अपना शोध–पत्र प्रस्तुत किया।



## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति भोपाल की बैठक संपन्न

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की छःमाही बैठक 22 जुलाई 2015 को राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल के राजीव गांधी सभागृह में आयोजित की गई। डॉ. दशरथ सिंह करौलिया, अध्यक्ष नराकास एवं निदेशक, एनआईटीटीटीआर ने अपने संबोधन में समिति के सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद प्रस्तुत करते हुए कहा गया कि यह एक ऐसा मंच है, जहाँ अपनी राष्ट्रभाषा के विकास में हम अपने विचार साझा करते हैं। अध्यक्ष महोदय ने सभी कार्यालय प्रमुखों से अनुरोध किया कि हम सभी को राजभाषा नियम, अधिनियम एवं संकल्पों का अनिवार्य रूप से पालन करना चाहिए।

श्री डी.के. तिवारी, सचिव नराकास एवं प्रशासकीय अधिकारी, एनआईटीटीटीआर, भोपाल ने बैठक में उपस्थित केन्द्र सरकार के विभिन्न कार्यालय प्रमुख एवं हिन्दी अधिकारियों का स्वागत करते हुये आशा व्यक्त की कि उनकी उपस्थिति से विभिन्न विषयों पर सारगर्भित चर्चा हो सकेगी तथा राजभाषा के प्रयोग में आने वाली अड़चनों को भी दूर किया जा सकेगा। श्रीमती साधना त्रिपाठी, प्रभारी उपनिदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, भोपाल द्वारा राजभाषा से सम्बन्धित गतिविधियों की जानकारी देते हुये कहा गया कि भारत सरकार को केन्द्रीय




कार्यक्रम को सम्बोधित करते राजभाषा विशेषज्ञ

कार्यालयों से राजभाषा कार्यों के कार्यान्वयन की ज्यादा अपेक्षा रहती है। अतः शीर्षस्थ अधिकारी स्वयं एवं अपने कर्मचारीगण से अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करवायें। श्री हरीश सिंह चौहान, अनुसंधान अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, भोपाल द्वारा सभी कार्यालयों से प्राप्त छःमाही रिपोर्ट का अवलोकन एवं आंकलन किया गया तथा भोपाल स्थित केन्द्र सरकार के 124 कार्यालय में से केवल 48 कार्यालय द्वारा ही छःमाही रिपोर्ट प्रेषित किये जाने पर असंतोष जताया। मंच का संचालन श्रीमती अनीता लाला, सदस्य, राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा किया गया।

## बिरला विश्वकर्मा महाविद्यालय में प्रो.बी.एल. गुप्ता का विशेष व्याख्यान

बी.व्ही.एम. वल्लभ विद्यानगर, गुजरात में टेक्यूप–2 परियोजना के तहत आई.एस.टी.ई. अनुमोदित कार्यक्रम 15 से 26 जून के दौरान रखा गया। इस कार्यक्रम में प्रो. बी.एल. गुप्ता ने इन्स्टीट्यूशनल गर्वनेन्स, टी.क्यू एम एवं एनबीए एक्रीडिटेशन पर दिनांक 24 एवं 25 जून 2015 को व्याख्यान दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 54 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रो. बी.एल. गुप्ता ने प्रतिभागियो को एनबीए के लिए एक वर्ष की तैयारी कर अपनी क्षमता को स्वयं मूल्यांकन कर आवेदन करने हेतु कहा। उन्हाने एनबीए एक्रीडिटेशन की तैयारी करने के लिए विभिन्न रणनीतियों के बारें में बताया। बी.व्ही.एम. वल्लभ नगर इंजीनियरिंग कॉलेज को यूजीसी से आटोनामी हाल ही में प्राप्त हुई है, अतः संस्था के प्राचार्य ने निवेदन पर प्रो. बी.एल. गुप्ता ने विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ भी आटोनामी का प्रभावी उपयोग एवं एनबीए एक्रीडिटेशन टीअर एक के लिए तैयारी करने की रणनीति पर भी विस्तृत चर्चा की एवं आटोनामी के प्रभावी उपयोग में एन.आई.टी.टी.टी.आर. की संभावित भूमिका के बारे में बतलाया।

## संस्थान की अन्य गतिविधियां

- संस्थान के विभिन्न विभागों में कार्यरत वरिष्ठ कर्मचारी श्री के.एम.वी.नायर, श्री अर्जुन सिंह एवं श्री मसूद अहमद अपनी अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत्त हुए।
- संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में नेटवर्किंग सिक्यूरिटी, वित्तीय प्रबंधन विषय पर हिन्दी प्रशिक्षण सह कार्यशालाएं आयोजित की गई, जिनमें डॉ. संजय अग्रवाल, डॉ. एम.ए.रिजवी, प्रो. आर.के.कपूर, डॉ. आशीष देशपांडे एवं डॉ. रोली प्रधान ने अपना योगदान दिया।
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में सूरत (गुजरात) में 14–15 मई 2015 को आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय राजभाषा संगोष्ठी में श्रीमती मोहिनी कथूरिया एवं श्रीमती अनिता



लाला द्वारा भाग लिया गया।
- भारतीय भाषा एवं संस्कृति केन्द्र, नई दिल्ली द्वारा मुन्नार में 29–31 मई 2015 तक आयोजित 29वें ''अखिल भारतीय राजभाषा प्रशिक्षण शिविर एवं सम्मेलन'' में संस्थान के श्री डी.के. तिवारी, श्री टी. मुरलीधरन, श्रीमती दिव्या विजय, कु.कविता मेंघानी ने भाग लिया गया।


## एनआईटीटीटीआर, भोपाल द्वारा मई से अगस्त माह तक सम्पन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम

| No. | TITLE | DURATION | VENUE |
|---|---|---|---|
| 1 | CATIA Basic | 4-8 May 15 | Bhopal |
| 2 | Management of PWD scheme | 25-29 May 15 | Bhopal |
| 3 | Laboratory Management | 25-29 May 15 | Bhopal |
| 4 | अनुवाद प्रशिक्षण | 11-15 May 15 | Bhopal |
| 5 | नेटवर्किंग सिक्यूरिटी एवं सोशल नेटवर्किंग | 19-20 May 15 | Bhopal |
| 6 | Training Programme for Lab Assistants | 25-26 May 15 | Karad (DP) |
| 7 | Teaching Methodology & Pedagogical Implication | 18-22 May 15 | Vataria |
| 8 | Induction Phase-I (MSBTE) | 11-22 May 15 | Kolhapur |
| 9 | Induction Phase-I (MSBTE) | 11-22 May 15 | Amravati |
| 10 | Induction Phase-I (MSBTE) | 11-22 May 15 | Nasik |
| 11 | Induction Phase-II (MSBTE) | 11-22 May 15 | Pune |
| 12 | Induction Phase-II (MSBTE) | 11-22 May 15 | Nagpur |
| 13 | Induction Phase-II (MSBTE) | 11-22 May 15 | Aurangabad |
| 14 | Induction Phase-I (MSBTE) | 18-28 May 15 | Mumbai |
| 15 | Induction Phase-II (MSBTE) | 25May-5 June15 | Mumbai |
| 16 | Managing People and Stress at Work | 11-25 May 15 | Ahmedabad |
| 17 | Implementation & Evaluation of GTU Diploma Curriculum for Electrical Engineering & Allied Programmes | 18-22 May 15 | Ahmedabad |
| 18 | Development of Lab Manual and Project Work for Electrical & Allied Programmes-EC,IC, PE, Bio-Medical | 18-22 May 15 | Ahmedabad |
| 19 | Management of CDTP Scheme for Gujarat State | 18-22 May 15 | Ahmedabad |
| 20 | CATIA for Mechanical and allied Engineering | 25-29 May 15 | Ahmedabad |
| 21 | Work Ethics, FRSR, CCS Rules, RTI in Collaboration with Goa Civil Service Officers | 18-22 May 15 | Goa |
| 22 | Quality Question Paper Setting and Assessment of Answer Book | 20-22 May 15 | Mumbai |
| 23 | Quality Question Paper Setting and Assessment of Answer Book | 20-22 May 15 | Pune |
| 24 | Innovative Laboratory Experiences | 22-26 June 15 | Bhopal |
| 25 | Computer Networking using Windows Server | 29June-30July 15 | Bhopal |
| 26 | Management of CDTP Scheme for Goa & Chhattisgarh State | 29June-30July 15 | Bhopal |
| 27 | Solid Modeling Using Pro-E | 29 June-3July15 | Bhopal |
| 28 | Workshop on Curriculum Revision | 18-19 June 15 | Nagpur |
| 29 | Refresher Course on Management of Engineering Workshop & Laboratories | 03-07 June 15 | Nagpur |
| 30 | FDP | 21-26 June 15 | Deharadun |
| 31 | Induction Phase-I | 21 June-03 July 15 | Bhopal |
| 32 | Induction Phase-I (MSBTE) | 01-12 June 15 | Pune |
| 33 | Induction Phase-I (MSBTE) | 01-12 June 15 | Nagpur |
| 34 | Induction Phase-I (MSBTE) | 01-12 June 15 | Aurangabad |
| 35 | Induction Phase-II (MSBTE) | 01-12 June 15 | Mumbai |
| 36 | Educational Leadership (Academic Audit, Curricular Reforms, Examination Reforms | 01-12 June 15 | Ahmedabad |
| 37 | Managerial Skills | 01-12 June 15 | Ahmedabad |
| 38 | Implementation & Evaluation of GTU Diploma Curriculum for Mechanical Engineering & Allied Programmes | 15-19 June 15 | Ahmedabad |
| 39 | Development of Lab Manual and Project Work for Mechanical & Allied Programmes | 15-19 June 15 | Ahmedabad |
| 40 | Personality Development and Positive Thinking | 22-26 June 15 | Ahmedabad |
| 41 | Implementation & Evaluation of GTU Diploma Curriculum for Civil Engineering & Allied Programme | 29 June -03 July 15 | Ahmedabad |
| 42 | Development of Lab Manual and Project Work for Civil & Allied Programmes | 29June-3July 15 | Ahmedabad |
| 43 | NBA Accreditation | 15-17 June 15 | Ahmedabad |
| 44 | Induction Phase-I | 29Jun-10 July15 | Goa |
| 45 | Management of CDTP Scheme for Maharashtra State | 08-12 June 15 | Pune |
| 46 | Quality Question Paper Setting & Assessment of Answer Book | 10-12 June 15 | Nagpur |
| 47 | Quality Question Paper Setting and Assessment of Answer Book | 10-12 June 15 | Aurangabad |
| 48 | Planning ,Organizing, Implementing and Evaluating Project Work | 06-10 July 15 | Bhopal |
| 49 | Quality Management Systems – TQM, Six sigma, Kaizen, 5S and 4P | 06-17 July 15 | Bhopal |
| 50 | Induction Phase-II | 06-17 July 15 | Bhopal |
| 51 | CNC Technology | 06-10 July 15 | Bhopal |
| 52 | Basic Competency in Computer Literacy | 06-10 July 15 | Bhopal |
| 53 | Fundamentals of Bio-Informatics | 13-17 July 15 | Bhopal |
| 54 | Special Electrical Machines and Control | 13-17 July 15 | Bhopal |
| 55 | Script Development for Video Programmes | 13-17 July 15 | Bhopal |
| 56 | E-Content for Technical Education | 13-24 July 15 | Bhopal |
| 57 | Maintenance of Laboratory & Workshop Equipment | 13-17 July 15 | Bhopal |
| 58 | Opto -Electronics Devices | 20-24 July 15 | Bhopal |
| 59 | Assessment of Students for Outcome Level Abilities | 20-24 July 15 | Bhopal |
| 60 | Advances in Construction Materials & Technology | 17-21 July 15 | Bhopal |
| 61 | SCILAB for Electronic Circuits | 27-31 July 15 | Bhopal |
| 62 | CAD using Uni-graphics | 27-31 July 15 | Bhopal |
| 63 | वित्तीय प्रबंधन | 17-15 July 15 | Bhopal |
| 64 | Evaluation and Question Paper Design | 27-31 July 15 | Deharadun |
| 65 | Induction Phase -I | 06-17 July 15 | Indore |
| 66 | CV Writing and Facing Job Interview | 27-29 July 15 | Bilaspur |
| 67 | Teaching- Learning through Creative Research | 13-17 July 15 | Bilaspur |
| 68 | Computer Skill Development and Office Management | 13-17 July 15 | Bilaspur |
| 69 | Work Ethics, Motivational Climate and Attitude Development | 20-24 July 15 | Pune |
| 70 | Nano- Technology and its Applications | 20-24 July 15 | Pune |
| 71 | Disaster Management and Mitigation Techniques | 27-31 July 15 | Pune |
| 72 | Open Source Solutions | 03-07 Aug. 15 | Bhopal |
| 73 | Management of CDTP Scheme for Madhya Pradesh State | 03-07 Aug. 15 | Bhopal |
| 74 | Reactive Power Management | 03-07 Aug. 15 | Bhopal |
| 75 | Wind Power Technology | 03-14 Aug. 15 | Bhopal |
| 76 | Professional Excellence | 03-07 Aug. 15 | Bhopal |
| 77 | TOT for Entrepreneurship Development | 03-07 Aug. 15 | Bhopal |
| 78 | Educational Video Production | 03-14 Aug. 15 | Bhopal |
| 79 | Tally Software | 03-07 Aug. 15 | Bhopal |
| 80 | Use of GPS and Robotic Workstation in Surveying | 10-14 Aug. 15 | Bhopal |
| 81 | MATLAB and Simulink | 10-14 Aug. 15 | Bhopal |
| 82 | Design of Good Question Paper in Management & Engineering | 10-14 Aug. 15 | Bhopal |
| 83 | Marketing of Educational Services | 10-14 Aug. 15 | Bhopal |
| 84 | Nano-Materials and Nano - Structures | 17-21 Aug. 15 | Bhopal |
| 85 | Programming in HTML and XML | 17-21 Aug. 15 | Bhopal |
| 86 | Classroom Management and Innovation | 17-21 Aug. 15 | Bhopal |
| 87 | Induction Phase-I | 17-28 Aug. 15 | Bhopal |
| 88 | Teaching- Learning through Action Research | 24-28 Aug. 15 | Bhopal |
| 89 | Industry Based Video Production | 24-28 Aug. 15 | Bhopal |
| 90 | NBA Accreditation | 24-28 Aug. 15 | Bhopal |
| 91 | CATIA Advance | 24-28 Aug. 15 | Bhopal |
| 92 | Dynamic Web Page Design using PHP & MYSQL | 21Aug-4 Sep15 | Bhopal |
| 93 | Simulation tools for Electronic Circuit | 31Aug-4 Sep15 | Bhopa |
| 94 | अनुवाद प्रशिक्षण | 24Aug-4 Sep15 | Bhopal |
| 95 | संसदीय प्रश्नावली कैसे भरें तथा संसदीय समिति के समक्ष प्रस्तुति | 13 - 14 Aug. 15 | Bhopal |
| 96 | Vetting W/s | 31Aug-1 Sep. 15 | Bhopal |
| 97 | Planning and Management | 31Aug-4 Sep.15 | Bhopal |
| 98 | Advanced Pedagogy Skill | 17-21 Aug. 15 | Bhopal |
| 99 | Computer Skill Development & Office Management | 24-28 Aug. 15 | Raipur |
| 100 | Preparing for NBA Accreditation | 17-21 Aug. 15 | Jagdalpur |
| 101 | Preparing for NBA Accreditation | 24-28 Aug. 15 | Bilaspur |
| 102 | Leadership and Personality Development | 03-07 Aug. 15 | Goa |
| 103 | Management of Change and Innovation | 03-07 Aug. 15 | Pune |

## एनआईटीटीटीआर, भोपाल द्वारा आगामी महीनों में आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम

| No. | TITLE | DURATION | VENUE | No. | TITLE | DURATION | VENUE |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Communication, Presentation & Negotiation Skills | 21-25 Sep 15 | Bhopal | 33 | Computer Networking using Windows Server | 23-27 Nov 15 | Bhopal |
| 2 | Project Planning & Financial Management | 28 Sep- 2Oct 15 | Bhopal | 34 | Design and Development of Dynamic Web site | 7-18 Dec 15 | Bhopal |
| 3 | Mentoring Skills | 05-09 Oct 15 | Bhopal | 35 | Development of Projects & Lab Practices for CS&IT | 05-09 Oct 15 | Bhopal |
| 4 | 3D Animation | 05-16 Oct 15 | Bhopal | 36 | Software Testing | 12-16 Oct 15 | Bhopal |
| 5 | Organizational Effectiveness | 05- 16 Oct 15 | Bhopal | 37 | Object Oriented Programming & Object Oriented Analysis & Design | 26-30 Oct 15 | Bhopal |
| 6 | Guidance & Counseling Skills | 12-16 Oct 15 | Bhopal | 38 | Android Application Development | 16-20 Nov 15 | Bhopal |
| 7 | Core Teaching Skills | 12-16 Oct 15 | Bhopal | 39 | Computer Networking using Windows Server | 23-27 Nov 15 | Bhopal |
| 8 | Research in Educational Media | 26-30 Oct 15 | Bhopal | 40 | Design and Development of Dynamic Web site | 07-18 Dec 15 | Bhopal |
| 9 | Research Methodology & Academic Writing | 26 Oct- Nov 15 | Bhopal | 41 | Operation and Maintenance of Lab Equipments | 26-30 Oct 15 | Bhopal |
| 10 | Women Empowerment | 16-20Nov 15 | Bhopal | 42 | Web Site Development | 02-06 Nov 15 | Bhopal |
| 11 | TOT for Employable Skills Development | 16-20 Nov 15 | Bhopal | 43 | Induction Phase I | 05-16 Oct 15 | Bhopal |
| 12 | Induction Programme for Vocational Instructors under CDTP Scheme | 16-20 Nov 15 | Bhopal | 44 | Induction Phase-I | 26 Oct-6Nov15 | Ahmedabad |
| 13 | Managing People & Stress at Work | 23-27 Nov 15 | Bhopal | 45 | Induction Phase I | 16-27 Nov 15 | Bhopal |
| 14 | Case Method and Writing | 23-27 Nov 15 | Bhopal | 46 | Induction Phase II | 07-18 Dec 15 | Bhopal |
| 15 | Library Management | 23-27 Nov 15 | Bhopal | 47 | Induction Phase-II Accreditation & Outcome based Curriculum | 28 Dec 15 – 21-25 Dec 15 | Goa BBIT, Vallabh Vidhyanagar |
| 16 | Training of Trainers for 21st Century | 30 Nov-11Dec15 | Bhopal | | | | |
| 17 | Developing Employable Skills | 7-11 Dec 15 | Bhopal | | | | |
| 18 | 2D Animation | 7-18 Dec 15 | Bhopal | 48 | Change Management | 05-09 Oct 15 | Pune |
| 19 | Climate Change & Scenario Development for Policy Analysis | 7-18 Dec 15 | Bhopal | 49 | Entrepreneurship Development | 26-30 Oct 15 | Pune |
| | | | | 50 | Modern Instructional Media | 02-06 Nov 15 | Pune |
| 20 | Research Methodology & Academic Writing | 21Dec -1Jan, 16 | Bhopal | 51 | i-Teaching | 16-20 Nov 15 | Pune |
| 21 | Environmental Pollution & E-Waste Management | 5-9 Oct 15 | Bhopal | 52 | Innovative Techniques of Teaching Mathematics and Science | 30 Nov- 4Dec15 | Pune |
| 22 | Light &Light based Technologies | 07- 11 Dec15 | Bhopal | | | | |
| 23 | Earthquake Resistant Building Construction | 12-16 Oct 15 | Bhopal | 53 | Managing Resources, Infrastructure & Facilities | 07-11 Dec 15 | Pune |
| 24 | Advanced AutoCAD (3D) | 26-30 Oct 15 | Bhopal | 54 | Dynamic Website Designing | 07-11 Dec 15 | Pune |
| 25 | Application of GIS & Remote Sensing | 2-6 Nov 15 | Bhopal | 55 | Embedded System Design | 4-18 Dec 15 | Pune |
| 26 | Applications of STAAD, STRUD & ANSYS software | 30Nov-4Dec 15 | Bhopal | 55 | Planning and Managing Laboratory | 21-25 Dec 15 | Pune |
| 27 | Construction Management and Contract Practices | 07-11 Dec 15 | Bhopal | 58 | Auto CAD | 05-16 Oct 15 | Goa |
| 28 | TOT for Welding Instructors Under CDTP Scheme | 05-09 Oct 15 | Bhopal | 59 | Making Mathematics Easy for Students | 26-30 Oct 15 | Goa |
| 29 | Development of Projects &Lab Practices for CS&IT | 05-09 Oct 15 | Bhopal | 60 | Renewable Energy Solutions for Sustainable Development | 16-20 Nov 15 | Goa |
| 30 | Software Testing | 12-16 Oct 15 | Bhopal | | | | |
| 31 | Object Oriented Programming & Object Oriented Analysis & Design | 26-30 Oct 15 | Bhopal | 61 | Soft Skills for Vocational Excellence | 05-09 Oct 15 | Jagdalpur |
| | | | | 62 | Networking based on Windows OS | 16-20 Nov 15 | Raipur |
| 32 | Android Application Development | 16-20 Nov 15 | Bhopal | 63 | Microprocessors & Microcontrollers | 30Nov-4 Dec 15 | Raipur |

## निपुणता एवं प्रवीणता आधारित प्रशिक्षण प्रबंध पर पुस्तक



प्रो. बी.एल.गुप्ता द्वारा लिखित एवं कांसेप्ट पब्लिशिंग कंपनी, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित निपुणता एवं प्रवीणता आधारित प्रशिक्षण प्रबंध पर पुस्तक माह अगस्त 2015 में उपलब्ध हुई। यह पुस्तक कुल सात अध्याय एवं 364 पृष्ठों में लिखी गई है। यह पुस्तक सभी प्रशिक्षकों, अंशकालीन प्रशिक्षकों, प्रशिक्षण पर शोध कर रहे व्यक्तियों एवं स्नातकोत्तर के छात्रों के लिए उपयोगी है। इस पुस्तक को पढ़ने के पश्चात् एवं इसमें दी गई गतिविधियों को करने के पश्चात् पाठक प्रशिक्षण आवश्यकता ज्ञात कर सकेंगे, सीखने के संसाधन तैयार कर सकेंगे, सीखने के लिए अनुकुल वातावरण का निर्माण कर सकेंगे, सीखने संबंधी समस्याओं का हल कर सकेंगे, प्रशिक्षण की पद्वति में नवाचार कर सकेंगे एवं प्रशिक्षण से संबंधित आयामों पर शोध कर सकेंगे।

इस पुस्तक में निपुणता एवं प्रवीणता आधारित प्रशिक्षण की विस्तृत रूपरेखा, प्रशिक्षण आवश्यकता का विश्लेषण, निपुणता आधारित प्रशिक्षण की संरचना, सीखने के संसाधनों की संरचना, प्रशिक्षण कार्यक्रम का क्रियान्वयन, सीखने का मूल्यांकन एवं निपुणता आधारित प्रशिक्षण का मूल्यांकन से संबंधित विषयों को शामिल किया गया है। पुस्तक के प्रत्येक अध्याय को सरल एवं सारगर्भित बनाने के लिए चित्रों, मार्गदर्शक बिंदुओं, सारांश, प्रपत्र, प्रश्न उत्तर एवं गतिविधियों का समावेश किया गया है। पुस्तक में विस्तृत शब्दकोष भी दिया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रो. बी.एल. गुप्ता ने अभी तक 21 पुस्तकों का लेखन किया है। इन पुस्तको को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना प्राप्त हुयी है।

## एनआईटीटीटीआर भोपाल में आयोजित विभिन्न गतिविधियाँ





















संरक्षक : निदेशक, संपादक : प्रो. पी. के. पुरोहित, सहसंपादक : श्री एम.आर. खान
सहयोग : श्रीमती मोहिनी कथूरिया, श्रीमती अनिता लाला, टंकण : श्री विशाल जोशी
आन्तरिक वितरण हेतु राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल द्वारा प्रकाशित एवं भंडारी ऑफसेट प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित